(घ) कितने एककों के कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है और ऐसे कर्मचारियों की एकक-वार संख्या कितनी है ;

(ङ) क्या सरकार ने इस समस्या को हल करने के लिए कोई कदम उठाए हैं ; और

(च) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी वैंकट स्वामी) : (क) जी हां ।

(ख) से (च) एन.टी.सी. को वित्तीय सहायता की विशेष रिलीज जारी की गई है । अप्रैल 1994 महीने के वेतन तथा मजदूरियों का भुगतान कर दिया गया है यद्यपि कुछ मिलों के मामले में कुछ विलंब हुआ ।

हैंक यार्न की मांग और पूर्ति

7636. श्रीमती सुषमा स्वराज :
श्री राम जेठमलानी :

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में हथकरघा बुनकरों की हैंक यार्न की वार्षिक अनुमानिक मांग कितनी है और पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में इसका औसत वार्षिक उत्पादन कितना रहा है ;

(ख) क्या यह सच है कि देश में हथकरघा बुनकरों की मांग के अनुसार हैंक यार्न का उत्पादन नहीं किया जा रहा है ;

(ग) क्या यह सच है कि हैंक यार्न के वितरण में अनेक खामियां होने के कारण हथकरघा बुनकरों को प्राप्त करने में भारी कठिनाइयां पेश आती हैं ;

(घ) क्या पिछले वर्षों के दौरान सरकार का ध्यान अनेक बार विद्यमान यार्न वितरण व्यवस्था की खामियों की ओर दिलाया गया है ; और

(ङ) यदि हां, तो इसकी वितरण प्रणाली में सरकार द्वारा क्या सुधार किए गए हैं ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी वकट स्वामी) (क) सूत की आवश्यकता कपड़े के ढांचे की मांग और बुनाई के ढांचे पर निर्भर करती है जो क्षेत्र और मौसम के आधार पर भिन्न-भिन्न होती है । आठवीं योजना के अंत तक हथकरघा क्षेत्र में सूत की अनुमानित आवश्यकता लगभग 561 मिलियन किलो ग्राम आंकी गई है । हथकरघा क्षेत्र में-प्रयोग के लिए हैंक यार्न का वार्षिक उत्पादन गत तीन वर्षों में इस प्रकार रहा :-

वर्ष	मात्रा मिलियन कि० ग्रा०
1991-92	364 00
1992-93	386.00
1993-94	416.00 अनुमानित

(ख) जी हां ।

(ग) से (ङ) सूती धागे का उत्पादन और इसका वितरण अधिकांश रूप से निजी क्षेत्र के हाथों में है । तथापि राज्य हथकरघा अभिकरण जैसे:-शीर्ष सहकारी समितियां, राज्य हथकरघा विकास निगम और प्राथमिक समितियां हथकरघा बुनकरों को सूत वितरित करती हैं । राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम भी इन प्रयत्नों में अपना योगदान देता है ।

Exports of textiles to U.S.A.

7637. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Indian textile exports to USA are around 4 billion dollars a year, while American textile exports to India are around 1.7 billion dollars per year;